# बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि0
Bihar Urban Infrastructure Development Corporation Ltd.
(A Govt. of Bihar Undertaking)
Raja Pur Pul, West Boring Canal Road, Patna 800 001
Contact: + 0612- 2558412, E- mail – mdbuidco@gmail.com, Website : http://buidco.in
CIN- U45200BR2009SCG014600


## कार्यालय आदेश

संख्या – 51 दिनांक – 27/4/23

कार्यपालक अभियंता, नगर विकास प्रमंडल, पटना पश्चिमी के द्वारा "Construction of drinking water supply scheme including extension of distribution network and providing house service connection etc for Naubatpur Nagar Panchayat in ward no. 10 and 11 under state plan with 6 month trail run and thereafter operation and maintenance of system for next 5 year" के कार्य हेतु निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 02/2021--22 के माध्यम से निविदा आमंत्रित की गयी थी।

उपरोक्त कार्य हेतु आमंत्रित की गयी निविदा में संवेदक **मेसर्स सिंह कन्स्ट्रक्शन, तिलक नगर, रोड नं०--02, रूकनपुरा, बेली रोड, पटना** सफल घोषित किए गये थे। मेसर्स सिंह कन्स्ट्रक्शन के साथ उपरोक्त कार्य के निष्पादन हेतु एकरारनामा (01 F2 / 2022 - 23) निष्पादित किया गया था। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ करने तिथि 22.06.2022 एवं कार्य समाप्त करने की तिथि 22.12.2022 निर्धारित थी। कार्य प्रारंभ करने हेतु कार्यपालक अभियंता, नगर विकास प्रमंडल, पटना पश्चिमी के अनेक पत्रों के माध्यम से संवेदक को निदेश दिया। परन्तु संवेदक द्वारा कार्य प्रारंभ नही करने के कारण पत्रांक 981, दिनांक 26.10.2022 के माध्यम से संवेदक को Debar भी किया गया। इसके बाद भी संवेदक द्वारा कार्य प्रारंभ करने में कोई रूचि नहीं दिखाई गयी। कार्य समाप्ति की निर्धारित अवधि दिनांक 22.12.2022 तक संवेदक द्वारा कार्य प्रारंभ नहीं करने के कारण कार्यपालक अभियंता, नगर विकास प्रमंडल, पटना पश्चिमी के द्वारा कार्यालय आदेश संख्या 26 दिनांक 09.01.2023 के द्वारा एकरारनामा में condition of contract की कंडिका 3 में उल्लेखित शर्तों के तहत एकरारनामा को बिखंडित करते हुए उनके द्वारा जमा की गयी जमानत की राशि जब्त कर ली गयी। साथ ही कार्यपालक अभियंता, नगर विकास प्रमंडल, पटना पश्चिमी के द्वारा अपने पत्रांक 27, दिनांक 03.01.2023 के माध्यम से बुडको में मेसर्स सिंह कन्स्ट्रक्शन के निबंधन संख्या (Reg-II-2021-BUIDCo/Yo-130) को काली सूची (Black list) में डालने की अनुशंसा भेजी गयी है।

"Construction of drinking water supply scheme including extension of distribution network and providing house service connection etc for Naubatpur Nagar Panchayat in ward no. 10 and 11 under state plan with 6 month trail run and thereafter operation and maintenance of system for next 5 year" के कार्य को कार्य समाप्ति की निर्धारित अवधि दिनांक 22.12.2022 तक संवेदक द्वारा प्रारंभ नहीं करने के कारण एवं कार्यपालक अभियंता, नगर विकास प्रमंडल, पटना पश्चिमी से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में **मेसर्स सिंह कन्स्ट्रक्शन, तिलक नगर, रोड नं०--02, रूकनपुरा, बेली रोड, पटना के बुडको में निबंधन संख्या Reg-II-2021-BUIDCo/Yo-130 को आदेश निर्गत की तिथि से अगले 10 वर्षों के लिए काली सूची (Black list) में डाला जाता है।**

ह0/–
मुख्य महाप्रबंधक
बुडको।

ज्ञापांक —　　　　　　　　　　　दिनांक —

प्रतिलिपि — मेसर्स सिंह कन्स्ट्रक्शन, तिलक नगर, रोड नं०—02, रूकनपुरा, बेली रोड, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/—
मुख्य महाप्रबंधक
बुडको।

ज्ञापांक —　　　　　　　　　　　दिनांक —

प्रतिलिपि — विकास आयुक्त, बिहार/प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग/अभियंता प्रमुख—सह—अपर आयुक्त—विशेष सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग/पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/ग्रामीण कार्य विभाग/जल संसाधन विभाग/लघु जल संसाधन विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लि0/नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीव्यूशन कंपनी लि0/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0 पटना/मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य पथ विकास निगम लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/—
मुख्य महाप्रबंधक
बुडको।

ज्ञापांक — 1965　　　　　　　　　　　दिनांक — 27/4/23

प्रतिलिपि — आई.टी. मैनेजर, बुडको को सूचनार्थ बुडको वेबसाईट पर upload करने हेतु प्रेषित।
प्रतिलिपि — सभी परियोजना निदेशक, बुडको को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
प्रतिलिपि — सभी महाप्रबंधक, बुडको को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

27/4/2023
मुख्य महाप्रबंधक
बुडको।